**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित, श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या- 9 का उत्तर ।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 9- (क) क्या सहकारिता मंत्री बतायेंगे कि धान क्रय केन्द्र के निर्धारण हेतु शासन / सहकारिता विभाग द्वारा कोई नीति निर्धारित की गयी है ? | खरीफ विपणन वर्ष 2024- 25 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत धान क्रय नीति खाद्य एवं रसद विभाग के शासनादेश सं0-1/2024/727/ 29-4-2024/ई-65/2024, दिनांक 25.09.2024 निर्गत है। उक्त नीति के प्रस्तर-5 में धान क्रय केन्द्र के निर्धारण की व्यवस्था की गयी है। |
| (ख) यदि हाँ, तो क्या ? | उपरोक्तानुसार । |
| (ग) क्या उक्त नीति का अनुपालन जनपद- सिद्धार्थनगर के जिलाधिकारी/ संयुक्त आयुक्त /संयुक्त निबंधक सहकारिता बस्ती मण्डल द्वारा किया गया है ? | जी हाँ। |
| (घ) जनपद- सिद्धार्थनगर में धन क्रय केन्द्र हेतु सहकारिता विभाग ने किन-किन संस्थाओं को वरीयता क्रम में रखा है ? | धान क्रय केन्द्र हेतु धान क्रय नीति में संस्थाओं के लिये कोई वरीयता क्रम निर्धारित नहीं है । जनपद सिद्धार्थनगर में वर्ष 2024-25 में पी0सी0एफ0 तथा यू0पी0 पी0सी0यू0 को रखा गया है। |
| (ड़) यदि हाँ, तो उसका अनुपालन वर्ष 2023 एवं 2024 में धान क्रय में किया गया है ? | वर्ष 2023 एवं 2024 में निर्गत क्रय नीति का अनुपालन किया गया । |
| (च) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (छ) केन्द्र प्रभारियों के निर्धारण हेतु अनुबन्ध का विज्ञापन किन-किन समाचार पत्रों में निविदा आमंत्रित की गयी है तथा कुल कितने आवेदन प्राप्त हुये है ? | सहकारिता विभाग के केन्द्र प्रभारियों के निर्धारण हेतु अनुबन्ध का विज्ञापन एवं निविदा आमंत्रित करने का प्राविधान नहीं है । |
| (ज) क्या उसका विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ? | प्रश्न नहीं उठता । |

( जे0पी0एस0 राठौर )
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार),
सहकारिता विभाग।